# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 19 मार्च, 2021

- - - -

[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी ].

Total Short Notice Question- 9

- - - -

### भुगतान हेतु कार्रवाई

*154 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

Will the **शिक्षा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्य के मदरसा स्थित विज्ञान शिक्षकों (1127 कोटि के मदरसा) का बढ़ा हुआ मानदेय वर्ष 2008 से ही लंबित है जिसका मूल कारण बिहार राज्य मदरसा बोर्ड तथा राज्य सरकार द्वारा पूर्व के भुगतान का उपयोगिता प्रमाण-पत्र केन्द्र सरकार के संबंधित विभाग में अद्यतन नहीं भेजा जाना है;

(ख) क्या यह सही है बिहार राज्य मदरसा बोर्ड की लापरवाही का खामियाजा वर्षों से विज्ञान शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है जिसके संबंध में विभाग भी शिथिल है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उनके भुगतान हेतु क्या कार्रवाई करना चाहती है?

- - - -

### अर्जित अवकाश देने का विचार

*155 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

Will the **शिक्षा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत नियोजित शिक्षकों को अर्जित अवकाश प्रति वर्ष 11 दिन तथा पूरे सेवाकाल में 120 दिन का संचयन करने का प्रावधान राज्य सरकार द्वारा किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकारी विद्यालयों में कार्यरत नियमित शिक्षकों एवं कर्मचारियों को साल में 14 दिन एवं पूरे सेवाकाल में 300 दिन का संचयन दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार नियोजित शिक्षकों के लिए भी अर्जित अवकाश साल में 14 दिन एवं पूरे सेवाकाल में 300 दिन देने का विचार रखती है?

----

## बजटीय प्रावधान

***156 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **शिक्षा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना का गठन वर्ष 1981 में प्राच्य भाषा संस्कृत के विकास एवं संवर्धन के लिए किया गया था;

(ख) क्या यह भी सही है कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना को राज्य सरकार के द्वारा स्थापना मद में कोई आर्थिक सहायता नहीं दी जाती है, बोर्ड मध्यमा के परीक्षार्थियों की आय से ही चल रहा है। वर्तमान में बोर्ड के कर्मियों का वेतन भुगतान एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के सेवान्त लाभ का भुगतान नहीं हो रहा है;

(ग) बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना की बैठक दिनांक – 21.01.2021 की कार्यसूची संख्या – 02 के द्वारा राज्य सरकार से वार्षिक बजट का प्रावधान करते हुए एक वर्ष की राशि कुल 5,29,42,088/-(पांच करोड़ उनतीस लाख बयालीस हजार अठासी) रुपये की मांग की गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना को उक्त राशि का बजटीय प्रावधान करते हुए कबतक उपलब्ध कराना चाहती है?

----

## एम.ए.सी.पी.एस. का लाभ

***157 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

Will the **शिक्षा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि शिक्षा विभाग के संकल्प संख्या – 554, दिनांक – 06.09.2019 के द्वारा राज्य के सभी नियमित शिक्षकों को पूरे सेवाकाल में तीन वित्तीय उन्नयन (एम.ए.सी.पी.एस.) का लाभ देने का प्रावधान किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक नियोजित शिक्षकों/पुस्तकालयाध्यक्षों को तीन वित्तीय उन्नयन (एम.ए.सी.पी.एस.) का लाभ नहीं दिया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक नियोजित शिक्षकों/पुस्तकालयाध्यक्षों को नियमित शिक्षकों की भांति पूरे सेवाकाल में तीन वित्तीय उन्नयन (एम.ए.सी.पी.एस.) का लाभ देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## साइंस कांग्रेस का सम्मेलन

***158 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **विज्ञान एवं प्रावैधिकी** be pleased to state:-

क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि भारतीय वैज्ञानिकों की शीर्ष संस्था भारतीय राष्ट्रीय साइंस कांग्रेस का सम्मेलन प्रतिवर्ष जनवरी के प्रथम सप्ताह में राज्यों की राजधानी में आयोजित किया जाता है, जिससे उस राज्य के विज्ञान के छात्र, शिक्षक, शोधकर्ता एवं अन्य वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी वैज्ञानिक सोच को विकसित एवं लोकोपयोगी बनाने का मौका मिलता है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार राज्य में 1948 के बाद साइंस कांग्रेस का सम्मेलन आयोजित नहीं किया जा सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक सम्मेलन आयोजित नहीं किये जाने का क्या औचित्य है, क्या सरकार सम्मेलन आयोजित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक?

----

## तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था

*159 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **विज्ञान एवं प्रावैधिकी** be pleased to state:-

क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्य से प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में छात्र तकनीकी एवं अभियंत्रण की पढ़ाई करने हेतु दूसरे राज्य में जाते हैं जिससे राज्य के करोड़-करोड़ रुपये बाहर के राज्यों में खर्च होते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में सरकारी क्षेत्र में अभियंत्रण महाविद्यालयों की संख्या मानक अनुसार काफी कम है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो राज्य के छात्रों के हित में क्या सरकार अभियंत्रण महाविद्यालय चरणबद्ध तरीके से सरकारी/निजी सहयोग से खोलने का विचार रखती है, ताकि मेधावी, गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार के बच्चे तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सकें ?

----

## यथोचित निर्देश

*160 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

Will the **शिक्षा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि अप्रशिक्षित पंचायत शिक्षकों को विभाग द्वारा सेवाकालीन

प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया एवं निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् पटना के पत्रांक – 323, दिनांक – 06.03.2020 के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2013-15 के साथ-साथ 2015-2017 एवं 2016-18 के अप्रशिक्षित शिक्षकों की (D.ELED) की प्रशिक्षण पूर्णता की तिथि 31.03.2019 बताई गई है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न वादों के आलोक में दिए गए न्याय-निर्णय में शैक्षणिक सत्र 2014-16, 2015-17 एवं 2016-18 में रेगुलर मोड से नामांकित अप्रशिक्षित शिक्षकों को उनकी प्रशिक्षणचर्या पूर्ण करने की तिथि से ही प्रशिक्षित वेतनमान दिए जाने का आदेश निर्गत किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पारित न्यायादेशों के अनुपालनार्थ शैक्षणिक सत्र 2014-16, 2015-17 एवं 2016-18 में प्रशिक्षणचर्या पूर्ण कर चुके अप्रशिक्षित शिक्षकों को भी प्रशिक्षित वेतनमान का लाभ दिए जाने के संबंध में निदेशक, प्राथमिक शिक्षा को यथोचित निर्देश देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सीटों की संख्या कितनी

*161 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

Will the **विज्ञान एवं प्रावैधिकी** be pleased to state:-

क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार के कार्यक्रम 7 निश्चत के तहत 'अवसर बढ़े, आगे पढ़ें' के तहत उच्च व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा हेतु प्रत्येक जिला में अभियंत्रण महाविद्यालय एवं पॉलिटेक्निक विद्यालय की स्थापना का निर्णय लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि लक्ष्य के विरुद्ध अभियंत्रण महाविद्यालय एवं पॉलिटेक्निक विद्यालय की स्थापना पूर्ण कर ली गई है;

(ग) क्या यह सही है कि वर्ष 2005 से पूर्व राज्य में ऐसे संस्थान संचालित थे;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतलाएगी कि राज्य में 2005 से पूर्व कितने अभियंत्रण महाविद्यालय एवं पॉलिटेक्निक विद्यालय संचालित थे और उनमें सीटों की संख्या कितनी थी तथा वर्तमान में सीटों की संख्या क्या है?

----

## कार्रवाई का विचार

*162 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

Will the **कला, संस्कृति एवं युवा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्य के 38 जिलों के अनुमंडल प्रखंड स्तर पर स्टेडियम निर्माण हेतु वर्ष 2008-14 में 302 स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति हेतु 69 करोड़ 57 लाख 66 हजार 993 रुपये की स्वीकृति दी गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2008-14 में स्वीकृत 302 स्टेडियम में 122 स्टेडियम के निर्माण की प्रक्रिया आरंभ नहीं हुई है तथा 66 स्टेडियम निर्माणाधीन हैं, जिनका अबतक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार स्टेडियम निर्माण अबतक पूर्ण नहीं करने वाले दोषी पदाधिकारियों पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है?

----